बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक : वि.प्रा.(III) ब[3]–12/2016– /पटना, दिनांक :

प्रेषक,

अतुल सिन्हा,
निदेशक,

सेवा में,

प्राचार्य,
एम.आई.टी. मुजफ्फरपुर

विषय : वित्तीय वर्ष 2016–17 में आयोजना भिन्न बजट के "मुख्यशीर्ष 2203–तकनीकी शिक्षा, उपमुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–112–इंजिनियरी/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0001, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम" (विपत्र कोड–N2203001120001) के अधीन अतिरिक्त आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, वित्तीय वर्ष 2016–17 में पूर्व निर्गत आवंटनादेश संख्या– 2(आ), दिनांक 12.04.2016 एवं संख्या–7(आ), दिनांक 11.05.2016 के क्रम में बी. फार्मा. पाठ्यक्रम का सम्बद्धिकरण फार्मेशी काउन्सिल ऑफ इंडिया से कराने हेतु विषयांकित बजटशीर्ष के अधीन 28 01 व्यवसायिक एवं विशेष सेवाएं विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से नियमानुसार व्यय हेतु विभागान्तर्गत एम.आई.टी. मुजफ्फरपुर को कुल रू. 2,00,000=00 (दो लाख रूपये) मात्र का अतिरिक्त आवंटन प्रदान किया जाता है।

2. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक 17.04.1998 एवं पत्रांक–4572, दिनांक 03.06.2016 के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों तथा वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों में निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रुप से किया जाय।

3. उक्त आवंटित राशि से दूसरे विषयशीर्षों में अपवर्तन कदापि नहीं किया जाय। यदि राशि का व्यय संभावित नहीं हो तो उक्त आवंटित राशि का यथाशीघ्र सकारण प्रत्यर्पण कर विभाग को वापस लौटा दिया जाय।

4. विभिन्न विषयशीर्षो मे राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के क्रम में कृपया यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना भिन्न, कोड संख्या सहित शीर्षो का नाम, मॉग संख्या, विपत्र कोड तथा कुट संख्या सहित विषयशीर्षों के नाम का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार, बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

5. स्वीकृत्यादेश/आवंटनादेश तथा विपत्रों में कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध मे वित्त विभाग के पूर्व प्रेषित पत्रांक 280/वि. दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देश का अक्षरशः अनुपालन किया जाय।

6. व्यय विवरणी टी.भी. नं. एवं तिथि सहित प्रत्येक माह के 7(सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना तथा अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रुप से उपलब्ध कराया जाय।

7. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह./ –

(अतुल सिन्हा)
निदेशक

ज्ञापांक : वि.प्रा.(III) ब[3]–12/2016– /पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : महालेखाकार (ले. एवं हक.), बिहार, पटना/ महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/ वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह./ –

निदेशक

ज्ञापांक : वि॰प्रा॰(III) ब^{3}–12 / 2016– / पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –

निदेशक

ज्ञापांक : वि॰प्रा॰(III) ब^{3}–12 / 2016– 91(मु) / पटना, दिनांक : 5/10/2016

प्रतिलिपि : उप निदेशक (यो॰)/ आई॰टी॰ मैनेजर (ई–मेल एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)/एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाईल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक

4/10/16